# UNIVERSITY NEWS 08 AUGUST 2026

## HINDUSTAN TIMES

{ BEYOND BOOKSHELVES }

# Six in 10 LU students now use Tagore Library on smartphones

Godhooli Sharma
godhooli.sharma@htlive.com


Lucknow University's Tagore Library SOURCED

LUCKNOW: More than six in every 10 users of Lucknow University's Tagore Library now access its digital collections through smartphones, reflecting a shift in the way students study and conduct research. University data from the past two years shows the library's remote access facility has become a daily academic tool, with research scholars driving the highest number of e-resource downloads and demand for scientific and legal databases remaining strong.

According to usage statistics, 2,482 users, or over 63%, accessed the remote library portal through mobile devices, compared to 1,454 users (36.9%) who used the web application, indicating that students increasingly prefer accessing academic content on the go.

Research scholars accounted for nearly 70% of all e-resource downloads, recording 35,588 downloads during the period. They were followed by undergraduate students with 9,356 downloads, faculty members with 8,197 downloads and postgraduate students with 2,690 downloads.

Among academic disciplines, the faculty of law emerged as the most active user of the remote access facility with 6,117 login sessions. Bachelor of Science (BSc) students recorded 4,600 sessions, followed by Master of Arts (MA) scholars with 3,740, MBA students with 3,508 and Master of Science (MSc) students with 3,092 sessions. A user session is counted when a user remains logged in for at least 15 minutes.

The growing dependence on digital resources was also reflected in the popularity of academic databases. ScienceDirect recorded the highest engagement with 8,368 user sessions, followed by SCC Online with 7,164 sessions. Springer registered 4,742 sessions, Wiley 3,912 and Taylor & Francis 3,427 sessions, indicating strong demand for scientific, technical and legal literature.

The shift towards digital learning has complemented, rather than replaced, the university's physical library infrastructure. According to the Cyber Library Students Usage Report for 2025, the facility registered 94,382 student visits across its three laboratories. Undergraduate students accounted for the highest footfall in Lab A with 45,629 visits, while postgraduate students logged 25,324 visits in Lab B. Research scholars recorded 23,429 visits in Lab C.

"The statistics show how Tagore Library's hybrid digital framework is successfully supporting teaching, learning and research activities both within and beyond the physical limits of the campus. We are trying to create a research environment across the faculties in the university and the library's remote logins are a testament to the same," said vice-chancellor Prof. JP Saini.

## AMAR UJALA

### लविवि में कई पदों पर नए चेहरों की तैनाती

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश जारी किए। कुलपति के निर्देश पर विश्वविद्यालय में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। साथ ही, एक कर्मचारी को सेवानिवृत्ति तक सेवा विस्तार देने का भी आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विधि संकाय के प्रो. आनंद कुमार विश्वकर्मा को अगले आदेश तक विश्वविद्यालय स्तर पर समन्वयक (संबद्ध महाविद्यालय) नियुक्त किया गया है। एक अन्य आदेश में अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. रोली मिश्रा को तीन वर्ष अथवा अगले आदेश तक, जो पहले हो, विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय का अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुलसचिव कार्यालय की ओर से जारी तीसरे आदेश में प्रथम परिनियमावली 2.20 (पंचम संशोधन) के प्रावधानों के तहत लोक प्रशासन विभाग के एक कर्मचारी को 8 अगस्त 2026 से एक वर्ष की अवधि या अधिवार्षिकी आयु प्राप्त होने अथवा अगले आदेश तक, जो पहले हो, सेवा विस्तार प्रदान किया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## AMAR UJALA

### हर घर तिरंगा पर बनी कार्ययोजना

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान-2026 और नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने इसकी अध्यक्षता की। लखनऊ जनपद के संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप इन अभियानों को सफल बनाना था। अधिष्ठात्री छात्र कल्याण अमिता कनौजिया ने कहा कि छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर नशामुक्ति की ऑनलाइन शपथ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### हस्तशिल्प की प्रदर्शनी लगाई

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प की विभिन्न विधाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन ललित कला विभाग के प्रधानाचार्य डॉ. रतन कुमार और आचार्य आलोक कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविवि : अंतिम तिथि 12 तक बढ़ी

लखनऊ। लविवि ने यूपीटीएसी काउंसिलिंग के बाद रिक्त रह गई सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 12 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव की ओर से शुक्रवार को जारी नोटिस में यह जानकारी दी गई। नोटिस के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रथम वर्ष बीटेक और एमसीए के रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश दिए जाएंगे। इसके अलावा द्वितीय वर्ष बीटेक (लेटरल एंट्री) के सभी इंजीनियरिंग शाखाओं में भी रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पहले निर्धारित अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 12 अगस्त कर दिया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### प्रो. वैशाली सक्सेना को अतिरिक्त प्रभार

लखनऊ। लविवि में प्रशासनिक फेरबदल के तहत लोक प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी प्रो. वैशाली सक्सेना को सौंपी गई है। कुलपति के निर्देश पर कुलसचिव कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार, प्रो. वैशाली सक्सेना तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षिता (सेवानिवृत्ति) की आयु प्राप्त करने तक या अगले आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो, विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाएंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

### समन्वयक बने प्रो. ध्रुव सेन सिंह

लखनऊ। लविवि में एलुमनी गतिविधियों को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से कुलपति के आदेश के अनुपालन में भूगोल विभाग के प्रो. ध्रुव सेन सिंह को एलुमनी फाउंडेशन, लखनऊ विश्वविद्यालय का समन्वयक नियुक्त किया गया है। कुलसचिव कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, प्रो. ध्रुव सेन सिंह को तीन वर्ष अथवा अगले आदेश तक (जो पहले हो) इस दायित्व का निर्वहन करना होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

### दो छात्रावासों को मिले नए प्रोवोस्ट

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दो छात्रावासों में नए प्रोवोस्ट की नियुक्ति की है। कुलपति के अनुमोदन के बाद कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो. रत्ना कटियार को उनकी विभागीय जिम्मेदारियों के अतिरिक्त निवेदिता मैनेजमेंट गर्ल्स हॉस्टल का प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया है। वहीं, विधि संकाय की प्रो. अर्चना सिंह को डॉ. आंबेडकर हॉल का प्रोवोस्ट बनाया गया है। दोनों शिक्षकों की नियुक्ति शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रभावी होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

## SWATANTRA BHARAT

### लविविः पॉक्सो अधिनियम पर कार्यशाला

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय स्थित 'प्रो बोनो क्लब' द्वारा शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल गोमती नगर विस्तार में 'लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012' विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालय के गैर-शिक्षण कर्मचारियों को बाल सुरक्षा कानूनों के प्रति जागरूक बनाना था। यह कार्यक्रम विधि संकायाध्यक्ष प्रो. रमेश कुमार वर्मा तथा संकाय प्रभारी प्रो. आलोक कुमार यादव के मार्गदर्शन एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या कोमल सिंह के सहयोग से आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब की सहयोगी सदस्य कोमल, कृतिका सिंह, कृतिका यादव, विशेष एवं गौरी ने संवादात्मक सत्र का संचालन किया।

## AAJ

### लखनऊ विवि में 'हर घर तिरंगा अभियान-व' 'नशा मुक्त भारत अभियान' को लेकर उच्चस्तरीय बैठक संपन्न



लखनऊ- लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित मालवीय सभागार में आज लखनऊ जनपद के समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' (09 से 17 अगस्त 2026) तथा 'नशा मुक्त भारत अभियान' को व्यापक जनसहभागिता के साथ सफल बनाने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करना रहा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण ( प्रो. अमिता कनौजिया ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं सभी संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को अपना रजिस्ट्रेशन कराने तथा नशा मुक्ति ऑनलाइन शपथ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने कहा कि हर घर तिरंगा और 'नशा मुक्त भारत' जैसे राष्ट्रीय अभियानों में हमारे विद्यार्थियों की सहभागिता सर्वोपरि रहेगी। नशे का सबसे सॉफ्ट टार्गेट युवा होता है। बच्चों को नशा मुक्त भारत का राजदूत बनाएं, इसके लिए बच्चों से संवाद करना जरूरी है। प्रत्येक महाविद्यालय में हर छात्र के लिए एक टीचर मेंटर बनाया जाए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शैक्षिक कैलेंडर का हर हाल में कड़ाई से पालन किया जाएगा और सभी परीक्षाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर ही संपन्न कराई जाएंगी।

## AAJ

### कला एवं शिल्प महाविद्यालय में राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस मनाया गया

लखनऊ। कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय में आज राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प की अनेक विधाओं की प्रदर्शनी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन ललित कला विभाग के प्रभारी एवं संकाय अध्यक्ष आचार्य डॉ. रतन कुमार एवं आचार्य आलोक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रधानाचार्य डॉ. रतन कुमार ने बताया कि टेक्सटाइल विभाग के छात्रों ने लगातार उल्लेखनीय कार्य करते हुए महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। हमारे छात्र अनेक संस्थाओं में टेक्सटाइल विभाग में ऊंचे पदों पर कार्य करते हुए महाविद्यालय की गरिमा बढ़ा रहे हैं। आचार्य आलोक कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय हस्तशिल्प सदैव दुनिया का आकर्षण रहा है और आज के डिजिटल युग में भारतीय संवेदनाओं, मोटिफ और प्रतीकों को लेकर डिजाइन में मांग बढ़ी है।

## AMRIT VICHAR

### विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का राजदूत बनाएगा लविवि

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में सभी संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक हुई। इसमें हर घर तिरंगा अभियान और नशा मुक्त भारत अभियान के प्रभावी संचालन पर चर्चा की गई। कुलपति ने कहा कि नशे का सबसे आसान निशाना युवा होते हैं, इसलिए विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का राजदूत बनाया जाए। महाविद्यालयों में छात्रों से नियमित संवाद स्थापित करने और प्रत्येक छात्र के लिए एक शिक्षक को मेंटर नामित करने पर जोर दिया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया, निदेशक प्रवेश प्रो. पंकज माथुर, प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव, विधि सलाहकार प्रो. आनंद विश्वकर्मा, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी उपस्थित रहे। संचालन कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने किया।

## DAINIK JAGRAN

### नए कैंपस में बनेगा लेक्चर थिएटर, होंगी आधुनिक कक्षाएं

अखिल सक्सेना • लखनऊ

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित नए परिसर में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के लिए जल्द ही चार मंजिला लेक्चर थियेटर भवन बनाया जाएगा। इसमें 75-75 और 28-28 विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता वाले आठ भव्य आधुनिक क्लास रूम बनेंगे जो स्मार्ट सुविधाओं से लैस होंगे। इसको लेकर विधि संकाय के पास जमीन चिह्नित हो चुकी है। इसी माह लोकार्पण और भूमि पूजन की तैयारी है। इस भवन के निर्माण में 17 से 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

लवि के द्वितीय परिसर में इंजीनियरिंग, विधि, फार्मेसी और इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) संचालित है, जिनमें विद्यार्थियों की संख्या अधिक है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को आधुनिक कक्षाओं की सुविधा देने के लिए लेक्चर थियेटर बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस लेक्चर थियेटर के बनने से स्नातक और परास्नातक के सभी विभागों को इसका लाभ मिल सकेगा।


विधि विभाग के पास खाली जमीन को लेक्चर थियेटर के निर्माण के लिए चुना गया • जा.

यह निर्माण कार्य प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के तहत स्वीकृत बजट से बनेगा।

यूजीसी के मानकों के अनुसार सुरक्षा से लेकर भवन में सीसी कैमरे, वाई फाई, क्लास रूम में इंटरैक्टिव पैनल, साउंड सिस्टम सहित सभी सुविधाएं होंगी। इस भवन में दो लिफ्ट भी लगेंगी। भवन को कारिडोर के रूप में इस प्रकार बनाया जाएगा ताकि विधि विभाग में भी आसानी से आवागमन रहे। प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम उषा के तहत जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इसको लेकर तैयारी चल रही है।

**17** से 18 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत होंगे खर्च

- इसी महीने लोकार्पण और भूमि पूजन की तैयारी

**सेंट्रल मेस में बनेगा कंप्यूटर सेंटर**

लवि के कैलाश महिला छात्रावास के पास लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई सेंट्रल मेस कई साल से बंद पड़ी है। अब उसका उपयोग आनलाइन कंप्यूटर सेंटर के रूप में किया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने बताया कि यहां 500 कंप्यूटर की क्षमता वाला कंप्यूटर सेंटर बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को तो इसका लाभ मिलेगा ही। साथ ही, इसे आनलाइन परीक्षा केंद्र के रूप में तैयार किया जाएगा, जिससे विश्वविद्यालय को राजस्व भी मिले। इसको लेकर जल्द ही बैठक होनी है।

### एमबीए में छाए कैट के टाप स्कोर वाले अभ्यर्थी

जागरण संवाददाता • लखनऊ : कामन एडमिशन टेस्ट (कैट) में टाप स्कोर वालों ने लखनऊ विश्वविद्यालय के एमबीए/एमटीटीएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए रुचि दिखाई है। शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमबीए में प्रवेश के लिए पहली मेरिट सूची जारी कर दी। इसमें कैट 2025 में 99.330 पर्सेंटाइल वाले राजहंस तिवारी को पहली रैंक मिली है। वहीं, 99.010 पर्सेंटाइल के साथ समन्वय अग्रवाल को दूसरी और 90.000 पर्सेंटाइल के साथ दीप्ति मिश्रा तीसरी रैंक पर हैं। खास बात ये है कि कैट पर्सेंटाइल 79.710 से 89.470 वाले अभ्यर्थी भी टाप 10 में शामिल हैं।

लवि ने पहली बार सत्र 2026-27 से कैट स्कोर वालों को प्रवेश में पहली प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। सीटें खाली रहने पर विश्वविद्यालय अपनी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से सीटें भरेगा। इसी आधार पर बड़ी संख्या में कैट के टाप स्कोर वालों ने भी एमबीए करने के लिए आवेदन किया। जारी मेरिट में कैट 99.330 से 45.060 पर्सेंटाइल (एक से 104 रैंक) तक वाले शामिल हैं।



मेरिट वालों के लिए आज तक च्वाइस फिलिंग का मौका, कैट 99.330 से 45.060 पर्सेंटाइल वाले अभ्यर्थी शामिल

**आज तक कर सकते हैं च्वाइस**

**एमबीए में कोर्सवार सीटें**

- प्रबंधन विभाग (लुंवा) रेगुलर : 75, सेल्फ फाइनेंस 225, कामर्स विभाग एमबीए फाइनेंस एंड एकाउंटिंग 75, आइएमएस में एमबीए एचआर 150
- आइबी 75, मार्केटिंग 150, फाइनेंस एंड कंट्रोल 150, बिजनेस एनालिसिस 75, इंस्टीट्यूट आफ टूरिज्म स्टडीज के एमबीए टूरिज्म एंड ट्रवल मैनेजमेंट : 75 सीटें।

फिलिंग : जिन अभ्यर्थियों के नाम मेरिट सूची में शामिल हैं वे अभ्यर्थी लवि की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर च्वाइस फिलिंग विकल्प में जाकर अपने अप्लीकेशन फार्म नंबर एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से आठ अगस्त तक च्वाइस भर सकते हैं। लवि में एमबीए के कई पाठ्यक्रम संचालित हैं।

### डिग्री कालेजों में हर छात्र के लिए एक टीचर को बनाएं मेंटर

जासं • लखनऊ: हर घर तिरंगा और नशा मुक्त भारत जैसे राष्ट्रीय अभियानों में हमारे विद्यार्थियों की सहभागिता सर्वोपरि रहेगी। नशे का सबसे साफ्ट टार्गेट युवा होता है। बच्चों को नशा मुक्त भारत का राजदूत बनाएं। इसके लिए बच्चों से संवाद करना जरूरी है। कालेज में हर छात्र के लिए एक टीचर मेंटर बनाया जाए। यह निर्देश कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने शुक्रवार को मालवीय सभागार में महाविद्यालयों के प्राचार्यों संग हर घर तिरंगा अभियान-2026 एवं नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर उच्चस्तरीय बैठक में दिए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया ने कहा कि छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को 'माय भारत पोर्टल' पर अपना रजिस्ट्रेशन कराने एवं नशा मुक्ति आनलाइन शपथ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा, प्रवेश निदेशक प्रो. पंकज माथुर प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी सहित कई रहे।


कुलपति प्रो. जेपी सैनी • सौ. लवि

## AMRIT VICHAR

# बीटेक, एमसीए की सीटों पर 12 अगस्त तक लें सीधे प्रवेश

## डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कार्यालय में जमा करना होगा फॉर्म, यूपीटीएसी काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों पर होंगे सीधे दाखिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के तहत बीटेक और एमसीए में सीधे प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अब 12 अगस्त तक आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव का कहना है कि बीटेक व एमसीए लेट्रल इंट्री के जरिए द्वितीय वर्ष में भी सीधे एडमिशन लिए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग (यूपीटीएसी) 2026 से रिक्त रहने वाली सीटों पर विश्वविद्यालय अपने स्तर से दाखिले लेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज पर आवेदन पत्र अपलोड कर दिया गया है। जहां से अभ्यर्थी आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने के बाद वित्त नियंत्रक के नाम पर 1600 रुपए का ड्राफ्ट बनवाना होगा। जिसे आवेदन पत्र के साथ 7 अगस्त तक अधिष्ठाता अभियांत्रिकीय व तकनीकी संकाय के कार्यालय में जमा कर सकेंगे। प्रवक्ता प्रो. मुकुल ने बताया कि 7 अगस्त तक रिक्त सीटों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद विश्वविद्यालय की ओर से मेरिट सूची जारी की जाएगी।



- लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया फॉर्म

**पाठ्यक्रमों की प्रति सेमेस्टर फीस**

- बीटेक- 60,180 रुपए
- एमसीए- 56,180 रुपए

**इन दस्तावेजों के साथ जमा करें फॉर्म**

- हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मार्कशीट व सर्टिफिकेट
- एमसीए के लिए बीसीए या बीएससी की मार्कशीट व सर्टिफिकेट।
- लेट्रल इंट्री के लिए डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग की मार्कशीट व सर्टिफिकेट।
- आरक्षण के लिए एक अप्रैल, 2026 के बाद का जाति प्रमाण पत्र।

**पात्रता तय**

- लखनऊ विश्वविद्यालय में मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई स्ट्रीम में बीटेक कार्यक्रम संचालित है। बीटेक में प्रवेश के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स में 12वीं पास होना अनिवार्य है। एमसीए में एडमिशन के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ बीसीए या बीएससी कंप्यूटर साइंस या बीएससी आईटी की डिग्री होना जरूरी है।

## AMRIT VICHAR

# लविवि व नेशनल पीजी कॉलेज सरोजनीनगर में खोलेंगे कैंपस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ विश्वविद्यालय का तीसरा जबकि नेशनल पीजी का होगा दूसरा परिसर
- राजधानी का पहला स्वायत्तशासी महाविद्यालय जिसके होंगे दो कैंपस

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय अपना तीसरा कैंपस सरोजनीनगर में बनाने जा रहा है जिसमें कृषि शिक्षा और वोकेशनल कोर्स के लिए आधुनिक परिसर तैयार किया जाएगा। इसके लिए करीब 50 एकड़ जमीन प्रस्तावित की गई है। जबकि राजधानी का एकमात्र ऑटोनॉमस नेशनल पीजी कॉलेज सरोजनी नगर में अपने दूसरे कैंपस के लिए भूमि पूजन पहले ही सम्पन्न कर चुका है। लखनऊ विश्वविद्यालय का तीसरा परिसर सरोजनीनगर तहसील के पिपरसंड क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए लगभग 50 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। प्रदेश सरकार ने भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को आगे बढ़ाते हुए आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताएं तेज कर दी हैं।

नया परिसर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देगा। इससे प्रदेश के विद्यार्थियों को कृषि एवं संबद्ध विषयों में उच्च शिक्षा के नए अवसर मिलेंगे। जबकि नेशनल पीजी कॉलेज भी अपने कैंपस का विस्तार कर रहा है। इस कैंपस में नए पाठ्यक्रमों से लेकर तकनीकी और प्रोफेशनल विषयों को शिफ्ट किया जाएगा। कॉलेज परिसर नए पाठ्यक्रमों और छात्र-छात्राओं की संख्या को देखते हुए अब छोटा पड़ने लगा है।

**लविवि के तीसरे परिसर में कृषि आधारित होंगे विभाग**

- विश्वविद्यालय के प्रस्तावित तीसरे परिसर को विशेष रूप से कृषि शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार का केंद्र बनाने की योजना है। जहां पर आधुनिक कृषि विज्ञान, जैविक खेती, एग्री-टेक, फूड प्रोसेसिंग, कृषि जैव प्रौद्योगिकी, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर उच्च शिक्षा एवं शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुसंधान केंद्र, स्मार्ट कक्षाएं, पुस्तकालय, छात्रावास और अन्य शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## AMRIT VICHAR


फर्स्ट एड किट का वितरण करते कुलपति प्रो. जेपी सैनी व अन्य।

**कुलपति ने विभागों को दी फर्स्ट एड किट**

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान और स्वस्थ भारत के उद्देश्य से कुलपति प्रो. जयप्रकाश सैनी ने विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों को 50 से अधिक फर्स्ट एड किट वितरित कीं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के 47 विभागों के अलावा कुलपति, कुलसचिव, वित्त एवं डीएसडब्ल्यू कार्यालय सहित एथलेटिक्स एसोसिएशन को भी फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराई गई।

## SWATANTRA BHARAT

### लखनऊ विश्वविद्यालय में वितरित की गईं 50 से अधिक फर्स्ट एड किट

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। नशा मुक्त भारत अभियान एवं स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में 50 से अधिक फर्स्ट एड किट वितरित कीं। कुलपति प्रो. जयप्रकाश सैनी ने इन किटों का वितरण करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार की सुविधा तत्काल उपलब्ध होना आवश्यक है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के 47 विभागों के अलावा कुलपति कार्यालय, कुलसचिव कार्यालय, वित्त कार्यालय, डीएसडब्ल्यू कार्यालय तथा विश्वविद्यालय एथलेटिक्स एसोसिएशन सहित विभिन्न इकाइयों को फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने 6 अगस्त से नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता वाहन भी संचालित किया है, जो विश्वविद्यालय, संबद्ध महाविद्यालयों एवं लखनऊ शहर के लोगों को स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, प्रो. राकेश द्विवेदी मौजूद थे।

# UNIVERSITY NEWS 08 AUGUST 2026

VOICE OF LUCKNOW

## लविवि के निर्माण विभाग के कार्य अधीक्षक बने प्रो. विनीत वर्मा



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में निर्माण विभाग का कार्य अधीक्षक प्रो. विनीत वर्मा को बनाया गया है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार गणित एवं खगोल शास्त्र विभाग के प्रो. विनीत वर्मा को आगामी तीन वर्ष या अग्रिम आदेश तक जो पहले घटित हो, की तैनाती की गयी है।

## 'हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई बैठक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित मालवीय सभागार में शुक्रवार को लखनऊ जनपद के समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों की अहम एवं उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी की गरिमामयी अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' (09 से 17 अगस्त) तथा 'नशा मुक्त भारत अभियान' को व्यापक जनसहभागिता के साथ सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करना रहा। अधिष्ठात्री छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया ने कहा, डिजिटल पंजीकरण एवं देशभक्ति शपथः विश्वविद्यालय एवं सभी संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को माय भारत पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराने तथा जाकर नशा मुक्ति ऑनलाइन शपथ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने कहा 'हर घर तिरंगा' और 'नशा मुक्त भारत' जैसे राष्ट्रीय अभियानों में हमारे विद्यार्थियों की सहभागिता सर्वोपरि रहेगी। नशे का सबसे सॉफ्ट टार्गेट युवा होता है बच्चों को नशा मुक्त भारत का राजदूत बनायें इसके लिए बच्चों से संवाद करना जरुरी है। महाविद्यालय में हर छात्र के लिए एक टीचर मेंटर बनाया जाए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शैक्षिक कैलेंडर का हर हाल में कड़ाई से पालन किया जाएगा और सभी परीक्षाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर ही संपन्न कराई जाएंगी। बैठक का कुशल संचालन कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा द्वारा किया गया।

SWATANTRA BHARAT

## लखनऊ विश्वविद्यालय में मना राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प एवं वस्त्र कला की विभिन्न विधाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संकायाध्यक्ष आचार्य डॉ. रतन कुमार तथा आचार्य आलोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डॉ. रतन कुमार ने कहा कि टेक्सटाइल विभाग के विद्यार्थियों ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विभाग के अनेक पूर्व छात्र देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। आचार्य आलोक कुमार ने कहा कि भारतीय हस्तशिल्प सदैव विश्वभर के आकर्षण का केंद्र रहा है। वर्तमान डिजिटल युग में भारतीय पारंपरिक डिजाइनों, मोटिफ एवं प्रतीकों की मांग निरंतर बढ़ रही है और युवा पीढ़ी इन्हें विशेष रूप से पसंद कर रही है। कार्यक्रम में डॉ. पूनम जायसवाल, किरण आर्या, आचार्य रविकांत पांडे, अमरनाथ गौर एवं सुमित कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. पूनम जायसवाल ने किया।

VOICE OF LUCKNOW

## भारतीय हस्तशिल्प सदैव दुनिया का आकर्षण रहा : आलोक कुमार

लखनऊ। कला एवं शिल्प महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय में आज राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प की अनेक विधाओं के प्रदर्श प्रदर्शित किए गए कार्यक्रम का उद्घाटन ललित कला विभाग के प्रधानाचार्य एवं संकाय अध्यक्ष आचार्य डॉ. रतन कुमार एवं आचार्य आलोक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रधानाचार्य डॉ रतन कुमार ने बताया कि हमारे टेक्सटाइल विभाग के छात्रों ने लगातार उल्लेखनीय कार्य करते हुए महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है हमारे छात्र अनेक संस्थाओं में टेक्सटाइल विभाग में ऊंचे पदों पर कार्य करते हुए महाविद्यालय की गरिमा बढ़ा रहे हैं। उद्घाटन करते हुए आचार्य आलोक कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय हस्तशिल्प सदैव दुनिया का आकर्षण रहा है और आज के डिजिटल युग में भारतीय संवेदनाओं इनके मोटिफ और प्रतीकों को लेकर अत्यधिक डिजाइन में मांग बढ़ी है और यह कहना गलत नहीं होगा कि युवाओं की पहली पसंद बनी है। कार्यक्रम के अतिथियों एवं गणमान्य विभूतियों में डॉ. पूनम जायसवाल, किरण आर्या, आचार्य रविकांत पांडे, अमरनाथ गौर एवं सुमित कुमार सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर पूनम जायसवाल द्वारा किया गया इस अवसर पर हस्तशिल्पों से संबंधित अनेक विधाओं एवं आंचलिक वस्त्र कल्पना के सुंदर उदाहरण विद्यार्थियों एवं युवा कलाकारों के समक्ष प्रस्तुत किए एवं उनके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में उदाहरण सहित आचार्य आलोक कुमार ने चर्चा की। आचार्य आलोक कुमार ने बताया कि भारतीय संवेदनाओं से ओत-प्रोत वस्त्र विधायें किस तरह वैश्विक स्तर पर संस्कृति को प्रभावित करते हैं और भारतवर्ष के महत्व एवं आकर्षक को दुनिया के सामने रखते हैं। शिक्षक सुमित कुमार ने पूरे कार्यक्रम को प्रलेखित करते हुए युवा कलाकारों को कला की गतिविधियों के प्रलेखन की ओर आने को प्रेरित किया।

HINDUSTAN

## प्रो. रोली लाइब्रेरियन, प्रो. विनीत निर्माण अधीक्षक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. रोली मिश्रा को टैगोर लाइब्रेरी की मानद पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। जबकि गणित विभाग के डॉ. विनीत वर्मा को निर्माण अधीक्षक बनाया गया है। इस बाबत कुलपति के निर्देश पर कुलसचिव ने आदेश जारी कर दिया है। जिसमें कहा गया है कि यह अगले तीन वर्षों या अग्रिम आदेशों तक इस पद पर बने रहेंगे। विधि संकाय के प्रो. आनंद विश्वकर्मा को समन्वयक सहयुक्त महाविद्यालय नामित किया गया।

I NEXT

## प्रो. वैशाली सक्सेना बनीं विभागाध्यक्ष

एलयू में प्रो. वैशाली सक्सेना को लोक प्रशासन विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है. उनका कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या अन्य कोई आदेश तक रहेगा. वहीं, एक्सीलेंस की स्थापना के लिए विधि विभाग के प्रो. आनंद विश्वकर्मा को समन्वयक सहयुक्त महाविद्यालय नामित किया.